संख्या–बी0एस0डी0एम0 / प्रमाण पत्र–87 / 2017 1037

बिहार सरकार

श्रम संसाधन विभाग

बिहार कौशल विकास मिशन

प्रेषक,

दीपक कुमार सिंह,
प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।

सेवा में,

सभी SDC/BSDC,
बिहार।

पटना, दिनांक– 13/12/2017

विषयः– कुशल युवा कार्यक्रम के सफल प्रशिक्षणार्थियों के प्रमाण–पत्र वितरण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक बिहार कौशल विकास मिशन के पत्रांक– 817 दिनांक– 12.10.2017 का स्मरण करें जिसके द्वारा आपको निदेश दिया गया था कि मार्च 2017, अप्रैल 2017, मई 2017 एवं जून 2017 में आयोजित परीक्षा में सफल प्रशिक्षार्थियों का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर पत्रांक– 316 दिनांक– 15.05.2017 में दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रमाण–पत्र को सफल प्रशिक्षार्थियों को 21 दिनों के अन्दर हस्तगत कराकर हस्तगत कराये गये प्रमाण –पत्र की प्राप्ति सम्बन्धी साक्ष्य बिहार कौशल विकास मिशन को अविलम्ब उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे परन्तु खेद है कि केन्द्रों द्वारा सफल प्रशिक्षार्थियों को हस्तगत कराये गये प्रमाण –पत्र की प्राप्ति सम्बन्धी साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराये जा रहे है। जुलाई 2017 में आयोजित परीक्षा में सफल प्रशिक्षार्थियों के प्रमाण–पत्र प्राप्त हो गये है।

अतः निदेश दिया जाता है कि जुलाई 2017 में आयोजित परीक्षा में सफल प्रशिक्षार्थियों के प्रमाण–पत्र प्राप्त कर ले तथा पत्रांक– 316 दिनांक– 15.05.2017 में दिये गये निर्देशों के अनुसार सफल प्रशिक्षार्थियों को हस्तगत करा दे तथा मार्च 2017, अप्रैल 2017 , मई 2017, जून 2017 एवं जुलाई 2017 में सफल प्रशिक्षार्थियों को हस्तगत कराये गये प्रमाण–पत्र की प्राप्ति सम्बन्धी साक्ष्य दिनांक– 15.01.2018 तक निश्चित रूप से बिहार कौशल विकास मिशन को उपलब्ध करा दे अन्यथा आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

विश्वासभाजन

14/12/17

दीपक कुमार सिंह,
प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।